हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार, 1 अप्रैल 2024
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

11 ब्राम्हण समाज ने खेली फूलों व रंगों की होली

12 साहू समाज 1 मई से 15 जून तक लगाएगा करियर मार्गदर्शन शिविर


## खबर संक्षेप

### नितिन नबीन आज चार विधानसभा क्षेत्र के प्रमुखों की लेंगे बैठक

**धमतरी।** भाजपा प्रदेश प्रभारी और बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री नितिन नबीन एक अप्रैल को धमतरी आएंगे। राज्य का प्रभारी बनने के बाद यह उनका पहला धमतरी दौरा है। श्री नबीन लोकसभा क्षेत्र का दौरा कर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनावी रणनीति तैयार कर रहे हैं। प्रदेश चुनाव प्रभारी ने 31 मार्च को महासमुंद में महासमुंद लोकसभा कोर कमेटी, प्रबंध समिति की बैठक ली। श्री नबीन एक अप्रैल को कांकेर में, भानुप्रतापपुर, सिहावा, अंतागढ़ के साथ विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों की बैठक लेंगे। प्रदेश प्रभारी दोपहर 1 बजे धमतरी पहुंचेंगे। जिला भाजपा के महामंत्री अविनाश दुबे ने बताया कि दोपहर 2 बजे जिला भाजपा कार्यालय में प्रदेश प्रभारी धमतरी, कुरूद, राजिम, बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख लोगों की बैठक लेकर चुनावी रणनीति तैयार करेंगे।



### सुहानी का छात्रवृत्ति परीक्षा में चयन

**सिर्री।** शासकीय माध्यमिक शाला भैंसमुंडी (नारी) की होनहार छात्रा सुहानी ध्रुव पिता इंदल ध्रुव निवासी भैंसमुंडी का राष्ट्रीय साधन सहप्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा 2024 में चयन हुआ है। इस अवसर पर शाला के प्रधानपाठक जगमोहन साहू, संकुल समन्वयक नान्हूराम कंवर, शिक्षक दीपक वर्मा, विनीता देशमुख, भावना लावत्रे, गोविन्द साहू, रेखचंद लावत्रे, शकुंतला साहू, शिप्रा कन्नौजे, एनआर बघेल प्रधानपाठक माशा गुदगुदा सहित संकुल के शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।




### गोंड़ समाज का होली मिलन व शपथ ग्रहण 6 अप्रैल को

**सिर्री।** गोंड़ समाज परिक्षेत्र कुरूद का होली मिलन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम 6 अप्रैल को ग्राम परसवानी के आदिवासी सामुदायिक भवन में सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है। कुरुद परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को गोंड़ समाज के संरक्षक शपथ दिलाएंगे। यह जानकारी सचिव पोखराज नेताम ने दी है।

### भटगांव के रामपुर वार्ड में अधेड़ ने लगाई फांसी

**धमतरी।** रविवार की दोपहर एक अधेड़ ने फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही रूद्री पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया। रूद्री पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भटगांव में मुनगा तालाब के पास रामपुर वार्ड निवासी बुन्नु मंडावी पिता बोधन मंडावी उम्र 48 वर्ष अपनी पैंट-शर्ट का फंदा बनाकर एक पेड़ पर झूल गया। दोपहर करीब 2.30 बजे पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पुलिस ने पंचनामा कर शव को जिला अस्पताल भेजा। पुलिस ने बताया कि मौके पर मसाला शराब का खाली पौवा तथा चखना पैकेट था। संभवतः अधेड़ ने नशापान करने के बाद आत्मघाती कदम उठाया है। फिलहाल आत्महत्या की वजह अज्ञात है।



सोरिद, बस स्टैंड, कलेक्टोरेट रोड स्थित शराब दुकानों को हटाने के लिए हुआ था प्रदर्शन

# आचार संहिता का अड़ंगा, नहीं हटी एक भी शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी




लोकसभा चुनाव ने शराब दुकानों के स्थानांतरण पर ब्रेक लगा दिया है। आचार संहिता लगने के कारण जिले की एक भी शराब दुकान को हटाया नहीं जाएगा। नए वित्तीय वर्ष में आज से सभी शराब दुकानें यथावत स्थान पर चालू होंगी।

शहर की कई शराब दुकानों को हटाने के लिए कई वार्ड में लगातार विरोध प्रदर्शन हो चुका है। लोकसभा चुनाव ने इन प्रदर्शनकारियों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। आचार संहिता लगने के कारण जिले की एक भी शराब दुकान नहीं हटाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि आचार संहिता में कोई भी नया टेंडर नहीं निकाला जा सकता है। ऐसे में यदि शराब दुकानों को स्थानांतरित करने के लिए टेंडर निकाला जाता है तो वह आचार संहिता का उल्लंघन होगा। इसलिए सभी शराब दुकानों को पुराने स्थान पर ही रखने का निर्णय लिया गया है। 1 अप्रैल यानी आज से सभी शराब दुकान पुराने स्थान पर नए सिरे से शुरू होगी। वित्तीय वर्ष की शुरूआत में यदि शराब दुकान नहीं हटाई जाती है तो बाकी दिनों में शराब दुकानों को हटाना मुश्किल है।

उधर शराब दुकान नहीं हटने की स्थिति में वार्डवासियों ने आंदोलन की रणनीति तैयार करनी शुरू कर दी है। सोरिद वार्डवासियों ने शराब दुकान नहीं हटने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी भी दी है। वार्डवासी अभी भी अपनी चेतावनी पर डटे हुए हैं।

### हुआ था सर्वे

शहर की कई शराब दुकान मापदंडों को पूरा नहीं करती है। सोरिद स्थित शराब दुकान रिहायशी क्षेत्र में और नेशनल हाइवे में संचालित है। इसी प्रकार औद्योगिक वार्ड में उपाध्याय नर्सिंग होम, वैष्णव हास्पिटल, फ्रेक्चर एवं ट्रामा सेंटर के पीछे शराब दुकान संचालित है। कलेक्टोरेट रोड में भी चर्च और स्कूल के पास शराब दुकान संचालित है। इन शराब दुकानों को हटाने के लिए लगातार मांग उठ रही है। उधर आबकारी विभाग ने जनवरी माह में शराब दुकानों का सर्वे किया था। अधिकारियों को यह दुकानें मापदंडों के अनुसार मिली थीं।

### लोगों को हो रही परेशानी

शहर के भीतर अव्यवस्थित शराब दुकानों से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सोरिद वार्ड की बबीता वाल्टर, नवीन मिश्रा, राकेशचंद्र तिवारी, भोला साहू ने बताया कि नेशनल हाईवे पर शराब दुकान खुलने से आए दिन दिन दुर्घटना हो रही है। नियम के तहत मुख्य मार्ग में शराब दुकान नहीं होनी चाहिए, लेकिन शराब से मिलने वाला राजस्व इतना अधिक है कि सरकार ने हाईवे पर ही एक नहीं दो शराब दुकान खोल दी है। स्टेट हाईवे, बस स्टैंड जैसी जगहों पर भी शराब दुकान से लोगों से परेशानी उठानी पड़ रही है। इन शराब दुकानों को शहर से बाहर खाली जगह पर ले जाना चाहिए। कलेक्टोरेट रोड, सोरिद रोड में शराब दुकान से दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ गई है। ये शराब दुकान रिहायशी इलाके में हैं। औद्योगिक वार्ड में बस स्टैंड के पीछे शराब दुकान से मरीज व परिजन परेशान होते हैं।

### दुकानों को कहां ले जाएं

शराब दुकानों का हर जगह विरोध होगा। एक जगह से उठाकर दूसरी जगह ले जाएं तो वहां भी विरोध होगा। वैसे भी नियम के तहत विरोध को देखते हुए शराब दुकानों को हटाया नहीं जाता है। आचार संहिता के चलते भी शराब दुकानों को हटाने में समस्या आएगी।

\- प्रभाकर शर्मा, *जिला आबकारी अधिकारी*

# देवांगन समाज का चुनाव 7 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देवांगन समाज के जिलाध्यक्ष सहित 3 अन्य पदों के लिए 7 अप्रैल को बिजनापुरी में मतदान के माध्यम से चुनाव होगा। इसके पूर्व शनिवार को नामांकन पत्र खरीदी के साथ जमा करने की प्रक्रिया देवांगन धर्मशाला धमतरी में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक हुई। जिलाध्यक्ष बनने 4 लोगों ने नामांकन भरा है। इनमें 3 प्रत्याशी अछोटा निवासी ही हैं। वहीं भवन निर्माण समिति के लिए अध्यक्ष बनने 6 लोगों ने दावेदारी की है, जबकि महिला और युवा अध्यक्ष के लिए 3-3 प्रत्याशी मैदान में हैं। 1 अप्रैल को नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। इसके बाद ही स्पष्ट होगा कि चुनाव मैदान में कुल कितने प्रत्याशी हैं। हालांकि वेदिका देवांगन वर्तमान में महिला संगठन जिलाध्यक्ष हैं, जबकि विनय देवांगन सिहावा मंडल अध्यक्ष हैं।

मुख्य चुनाव अधिकारी रामगोपाल देवांगन सहित सहायक चुनाव अधिकारी केएल देवांगन, मोहित देवांगन, डॉ. जेएल देवांगन, आरसी देवांगन, यशवंत देवांगन, भागवत देवांगन, बसंत देवांगन, मन्नू देवांगन, जीआर देवांगन, बृजलाल देवांगन और रेखा देवांगन की उपस्थिति में नामांकन फॉर्म खरीदने और जमा करने की प्रक्रिया हुई। स्क्रूटनी के बाद सभी नामांकन सही पाए गए। समय अवधि के अंदर किसी भी प्रत्याशी के लिए दावा, आपत्ति नहीं आने से सभी 16 प्रत्याशियों का नामांकन वैध घोषित किया गया।

### 4 पद के लिए 16 लोगों ने की दावेदारी

जिलाध्यक्ष के लिए ऋषभ देवांगन अछोटा, दिलीप कुमार देवांगन अछोटा, विनय देवांगन सेमरा, लखनलाल देवांगन अछोटा। भवन निर्माण समिति अध्यक्ष के लिए दीपक देवांगन कोष्टापारा, कुशल देवांगन सोरिद, मोहनलाल देवांगन हटकेशर, पुरुषोत्तम देवांगन सोरिद, टीकाराम देवांगन एकता नगर, टोपेश्वर देवांगन बठेना वार्ड। महिला जिलाध्यक्ष हेमलता देवांगन भेंडरी, वेदिका देवांगन कुरूद, वीणा देवांगन हटकेशर। जिला युवा संगठन अध्यक्ष के लिए देवेंद्र देवांगन कोष्टापारा, दीपेश देवांगन कोष्टापारा, गौतम देवांगन सुपेला मैदान में हैं।

### आज होगी नाम वापसी की प्रक्रिया

चुनाव अधिकारियों के मुताबिक 1 अप्रैल को दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक नाम वापसी की प्रक्रिया होगी। 7 अप्रैल को बिजनापुरी में सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मतदान चलेगा। जिसमें 838 मतदाता मतदान के लिए अधिकृत हैं, जो मतदाता सूची में अंकित संख्या कुल सदस्य का 30 प्रतिशत लिया गया है। मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने जिले के 10 मंडल को 4 बूथ में बांटा गया है।

# गंगरेल का मानव वन फिर होगा हरा-भरा

■ वन विभाग ने ली सुध, लाखों का फंड स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



उजाड़ हो चुके गंगरेल पर्यटन का हर्बल मानव वन को दुरूस्त करने की कवायद शुरु हो गई है। वन विभाग ने इसके लिए लाखों रुपए का फंड स्वीकृत किया है।

डिप्टी रेंजर राकेश तिवारी ने बताया कि मानव वन को फिर से हरा-भरा किया जाएगा। मानव आकृति में फिर से औषधि पौधे लगाकर लोगों को इससे होने वाले उपचार की जानकारी दी जाएगी। एडवेंचर को दुरूस्त करने रस्सी, टूटी-फूटी सामग्री को बदला जा रहा है। पर्यटकों के ठहरने के लिए पक्का रिसोर्ट बनाने कैंटीन, लेटबॉथ को अपडेट किया जा रहा है। यहां स्थित देवगुड़ी सौर मंडल, नक्षत्र वन को रंगरोगन कर आकर्षक बनाया जाएगा।


उल्लेखनीय है कि हर्बल मानव वन की सैर करने वाले पर्यटकों की अक्सर शिकायत रहती है कि प्रवेश शुल्क लेने के बाद भी मानव वन में कुछ भी देखने लायक चीज नहीं है। वन विभाग ने अब मानव वन की सुध ली है।

### पर्यटन सीजन समाप्त, सैलानियों में आई कमी

गर्मी बढ़ते ही गंगरेल का पर्यटन सीजन समाप्त हो गया है। सैलानियों की संख्या में कमी आई है। वाटर स्पोर्ट्स के प्रभारी असकंध सिंह ने बताया कि गर्मी तेज होते ही पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। गिनती के लोग ही वाटर स्पोर्ट्स के लिए पहुंच रहे हैं।

# मौसम रहेगा साफ बढ़ेगा तापमान

**धमतरी।** रविवार को मौसम का मिजाज बिगड़ा हुआ रहा। सुबह आसमान पर बादल छाये रहे। कहीं - कहीं बूंदाबांदी भी हुई। शनि-रविवार की रात गरज-चमक भी होती रही। अब मौसम साफ होने के संकेत मिल रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आसमान पर बना सिनोप्टिक सिस्टम हट गया है। प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। आगामी 24 घंटे में अधिकतम तापमान में विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद तापमान में क्रमिक वृद्धि होगी। मध्य छग के जिलों में अधिकतम तापमान 39 से 41 के मध्य रहेगा।



### उमस से बेचैन रहे लोग

रविवार की सुबह आसमान पर बादल छाए रहने से लोगों को तेज धूप से राहत मिली, लेकिन उमस बढ़ने से लोग बेचैन रहे। बाजार में कूलर, एसी की बिक्री बढ़ गई है। कपड़ा दुकानों में गमछा, स्कार्फ सहित धूप से बचाने वाली सामग्रियों की मांग तेज हो गई है।

# लोकल आवक बढ़ने से हरी सब्जियों के दाम हुए कम

■ इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर, भटा, केला, कुम्हड़ा, नवलगोल 20 रुपए किलो रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकल आवक बढ़ने से हरी सब्जियों के दाम कम हुए, जिसका असर अब किचन में दिखने लगा है। दाम कम होने से गृहणियां खुश हैं तो वहीं रसोई में हरी सब्जियां सजने लगी हैं। ग्रामीण अंचल से हरी सब्जियों व भाजियों की आवक शुरु हो गई है। मनपसंद सब्जियों की बाजार में खूब आवक होने से कीमत दब गई है। इसका सीधा फायदा उपभोक्ताओं को मिल रहा है।

व्यवसायी त्रिलोक सोनकर, मनोज सोनकर का कहना है कि इस सप्ताह सब्जियों के दाम में 30 से 40 प्रतिशत की कमी आई है। मनपसंद व सीजनेबल सब्जियां 30 से 40 रुपए किलो तक आ गई हैं। टमाटर की कीमत में भी कमी आई है। इधर थोक मंडी में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, महाराष्ट्र की सब्जियां भारी मात्रा में पहुंच रही हैं। आवक अधिक होने से कुछ सब्जियों के रेट औंधे मुंह गिर गए हैं।



शहर के इतवारी बाजार में रविवार को शाम 4 बजे ग्राहकों की काफी भीड़ नजर आई। शादी सीजन होने की वजह से ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग बड़ी संख्या में बाजार पहुंचे और जरूरत के हिसाब से सामान खरीदे। हरी सब्जियों के भाव कम होने से वे प्रसन्नचित नजर आए। सब्जी विक्रेता धीरेंद्र पटेल, नकुल पटेल ने बताया कि रविवार को लौकी 5 रुपए किलो रहा। वहीं भटा, कुम्हड़ा, टमाटर, केला, मूली, नवलगोल 20 रुपए किलो बिका। गाजर, बरबट्टी, भिंडी, पत्तागोभी 30 रुपए किलो रहा। कुंदरू, डोड़का, तोराई 40 का रहा तो वहीं करेला, ग्वारफली, गोभी, मुनगा, सेमी, कटहल, मटर 50 रुपए किलो बिका। अचारी आम बेस्ट क्वालिटी 50 से 60 रुपए किलो रहा। हरी मिर्च 70 तो कोचई, हरा धनिया, ढेंस, शिमला मिर्च, परवल, मेथी भाजी 80 रुपए किलो बिका। चेचभाजी, खट्टाभाजी, चौलाई भाजी, लालभाजी, पालकभाजी 30 से 40 रुपए किलो रही जिसे ग्राहकों ने हाथोंहाथ खरीदा। बोहारभाजी अब भी 200 रुपए किलो बिक रही है।

### आलू-प्याज 25 रुपए किलो

हरी सब्जियों के साथ किराना सामान के रेट भी सामान्य हैं। शादी सीजन होने के बाद भी सामान के रेट नहीं बढ़े हैं। इससे उपभोक्ताओं में खुशी है। अन्य सीजन की अपेक्षा मार्च-अप्रैल में किराना सामानों का उठाव भी अपने उच्चतम शिखर पर है। ग्राहकी अच्छी होने से व्यवसायी भी प्रसन्न है। किराना व्यापारी विजय कोटवानी ने बताया कि रविवार को आलू- प्याज 25 रुपए किलो बिका। शक्कर 40 रुपए किलो रही। अन्य सामानों में गुड़ 50, खड़ी मिर्च 250, हल्दी 200, धनिया 150, जीरा 400, काली मिर्च 600, रिफाइंड तेल 105, लहसुन 150, सरसों 90, मेथी 110, राहरदाल 160, मूंगदाल 110, उड़ददाल 110, मसूरदाल 80, देसी चना 70, काबुली चना 130, मटर 60, चनादाल 80 रुपए किलो बिका। अण्डा इस सप्ताह 65 रुपए दर्जन रहा।

प्रार्थना सभा में धर्मांतरण का आरोप, पुलिस ने दी समझाइश

# मकान में प्रार्थना सभा, बजरंगियों ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बस्तर रोड स्थित एक मकान में चल रही प्रार्थना सभा को लेकर बजरंगियों ने खूब हंगामा किया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रार्थना सभा में शामिल 35 लोगों को निकालकर प्रार्थनासभा को बंद कर दिया गया।



कॉलटेक्स पेट्रोल पंप के पास एक मकान में चल रही प्रार्थना सभा में पहुंचकर बजरंग दल के सदस्यों ने खूब हंगामा मचाया। बजरंग दल के जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, डागेश्वर साहू, कैलाश बख्तानी, प्रिंस जैन, पीयूष पारख, चित्रेश साहू, रोहन सिन्हा, सत्यम सिन्हा, कुणाल सोनकर समेत 20-25 लोग रविवार की दोपहर 12 बजे कॉलटेक्स पेट्रोल पंप के पास स्थित मकान में प्रभारी पास्टर नीरज कुशवाहा द्वारा कराई जा रही प्रार्थनासभा में पहुंचे। उनका कहना है कि प्रार्थना सभा एक साल से चल रही है, जिसमें धमतरी के साथ अन्य जिले के लोग भी शामिल होते हैं। इस स्थान पर 15-16 साल के बच्चों को ब्रेनवास के लिए रखा गया है। आखिर बाहर के लोगों को यहां रूकने का परमिशन किसने दिया। अगर उन्हें प्रार्थना करनी है, तो बाजू में स्थित चर्च में भेजा जाना चाहिए। हमने पहले भी इस प्रार्थना सभा को बंद कराने का प्रयास किया था।

उधर हंगामे की सूचना पाकर एसडीएम डॉ विभोर अग्रवाल, डीएसपी नेहा पवार, सिटी कोतवाली थाना प्रभारी शरद ताम्रकार मौके पर पहुंचे और बजरंगियों को समझाईश दी। मकान के भीतर प्रार्थना सभा में शामिल 6 पुरूष, 8 महिला और 21 किशोर किशोरियों को बाहर निकालकर ताला बंद करवाया।

मौके पर धमतरी डिस्ट्रिक्ट क्रिश्चयन फोरम के अध्यक्ष पास्टर राजू वर्गिश, संरक्षक रिजनाल्ड पीटर, पास्टर डायमंड फिलिप जोसफ मौजूद रहे। महासचिव डायमंड फिलिप ने कहा कि धमतरी के आसपास के लोग प्रार्थना सभा में शामिल हुए हैं। जहां जिसकी श्रद्धा होती है वहां वे जाते हैं, किसी को बुलाया नहीं जाता। उन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन का आरोप गलत है। वे किसी का धर्म परिवर्तन नहीं कर सकते हैं। इसके लिए कलेक्टर की अनुमति आवश्यक होती है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### प्रत्याशी घोषित होने के बाद बिरेश पहली बार पहुंचे चारामा

**चारामा।** कांग्रेस से कांकेर लोकसभा के लिए प्रत्याशी घोषित करने के बाद बिरेश ठाकुर आज चारामा नगर पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं सहित नगर के व्यापारी और नागरिकों से चर्चा की।

### महिला की पड़ोसियों ने की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत खपरापारा भीरावाही में घर में रह रही अकेली महिला के साथ पड़ोसियों ने मिलकर मारपीट किया। घटना की जानकारी पीड़िता ने अपनी पति को दिया। पति ने थाना पहुँचकर पुलिस को जानकारी दिया। पुलिस ने आरोपियो के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया गया। खपरापारा भीरावाही निवासी 26 वर्षीय प्रदीप कोसरिया पिता संजीवन कोसरिया ने पुलिस को बताया कि 26 मार्च को दोपहर डेढ़ बजे हमारे पड़ोस में रहने वाले समीर यादव, रेणुका यादव, प्रभा यादव हमारे घर आकर मेरी पत्नि नीता कोसरिया के साथ एक राय होकर गाली गलौच करने लगे। समीर यादव के द्वारा जान से मारने की धमकी देकर धक्का मुक्की कर मारपीट किया गया है। विवाद के समय मेरी पत्नी घर मे अकेली थी। घटना के बारे में मोबाईल के माध्यम से मुझे बताया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### घायल युवक की हुई अस्पताल में मौत

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत संबलपुर निवासी 24 वर्षीय खिलेंद्र नेताम पिता श्रवण नेताम का ईलाज के दौरान मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। ईलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उसकी 10 मार्च को रात साढ़े 10 बजें मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### बिजली के बार-बार बंद होने से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**चारामा।** नगर में बार-बार बिजली गुल होने की समस्या से वार्डवासी परेशान हैं। विभाग द्वारा बिजली संचालन में किसी भी प्रकार से व्यवस्थाओं में सुधार नहीं किया जा रहा हैं। बिजली से संबधित शिकायत रजिस्टर में लो वोल्टेज की समस्या को लेकर उपभोक्ताओं की लंबी लिस्ट देखी जा सकती हैं। उपभोक्ता दिन में बिजली गुल की समस्या से परेशान हैं। वही रात के समय में उपभोक्ता बिजली की आंखमिचौली से हलाकान हैं। शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हो रही है। व्यवस्था सुधारने का प्रयास नहीं किया जा रहा है। गर्मी के दिनो में भी बिजली गुल होने की समस्या आम हो गई है।

## निधन

### गैंदलाल साहू



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम बागतराई निवासी गैंदलाल साहू का आकस्मिक निधन हो गया। वे भाजपा बूथ अध्यक्ष ध्रुव कुमार सोनबेर एवं रोशन सोनबेर के पिताजी व पूर्व महामंत्री भाजपा पंचू सोनबेर, कार्यकारिणी सदस्य नारायण सोनबेर के चाचा थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बागतराई के शांतिघाट में किया गया। मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नर्मदाबाई ठोकने



**सिर्री।** ग्राम सिरसिदा (कुरूद) निवासी 77 वर्षीय नर्मदाबाई ठोकने का निधन 31 मार्च को हो गया। वह सेवानिवृत्त शिक्षक गोपालराव ठोकने की पत्नी, भाजपा नेता कमलेश ठोकने की चाची और अश्विन ठोकने की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन, रिश्तेदार एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। लोगों ने मृतात्मा की शांति के लिए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

---

राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मरौद का किया निरीक्षण

# केंद्रीय टीम ने 12 बिंदुओं पर जांची स्वास्थ्य सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार की राष्ट्रीय गुणवत्ता की मानक टीम ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर मरौद में संचालित स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।

टीम में शामिल डॉ. अभय कुमार लखनऊ व डॉ. मो.अब्दुल हकीम मियाद हैदराबाद ने स्वास्थ्य संस्थाओं द्वारा संचालित 12 प्रकार की सेवाएं प्रसव पूर्व देखभाल एवं प्रसव सेवाएं, नवजात शिशु स्वास्थ्य एवं टीकाकरण सेवाएं, बाल्य एवं किशोर स्वास्थ्य सेवाएं, परिवार नियोजन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं संचारी रोग प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, गैर संचारी रोग स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, सामान्य रोगों के लिए बाह्य रोगी देखभाल प्रबंधन, आंख, नाक,





कान, गला सामान्य देखभाल सेवाएं, मुख स्वास्थ्य संबंधित देखभाल सेवाएं, वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं, आपात कालीन चिकित्सकीय सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली। टीम ने संधारण रिकार्ड जांच की। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी जागृति साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गीतेश साहू, सुनीता कोसरे, चंद्रिका साहू, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश्वरी साहू, मिथिलेश ध्रुव, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक उमेश साहू,नरेन्द्र साहू एवं सेक्टर प्रभारी डॉ. संजय साहू पीएचसी चटौद ने राष्ट्रीय मानक टीम को स्वास्थ्य केंद्र में दी जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी। राष्ट्रीय मानक टीम ने लेबर रूम व हॉस्पिटल की स्वच्छता ,पेयजल की व्यवस्था, गार्डनिंग, दवाई की उपलब्धता, कर्मचारियों की उपस्थिति, अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सा सुविधा का निरीक्षण किया। कर्मचारियों से स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी लेकर रिकार्ड चेक किया। उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा और मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने हेतु केंद्रीय टीम ने स्वास्थ्य संस्था आयुष्मान आरोग्य मंदिर मरौद की प्रसंशा की।

इस दौरान खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न सिविल अस्पताल कुरुद, बीपीएम रोहित पांडेय, ऋषिकेश रात्रे रायपुर, डॉ. हेमेश्वर जोशी, श्वेता स्वर्ण धमतरी, संस्था प्रभारी नारी राजेश भतपहरी, नेत्र चिकित्सा अधिकारी लोमेश कुर्रे, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक मरौद गजेंद्र रिगरी, तारा रात्रे, मरौद सरपंच रमाकांत साहू एवं सेक्शन की सभी मितानिन व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# मानव जीवन भाग्य से मिलता है : उत्तम साहेब





■ अटंग में एक दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम अटंग के कबीर आश्रम में आश्रम प्रमुख बालेश्वर दास के सहयोग से एक दिवसीय वार्षिक सत्संग समारोह का आयोजन हुआ। समारोह में उत्तम साहेब, नियम साहेब, रमेश साहेब, जितेंद्र साहेब, प्रवीण साहेब, संबलदास साहेब, पूनमदास साहेब, भुनेश्वर साहेब, निकटेश्वर साहेब सहित क्षेत्र की संत मंडलियां और साध्वियां मौजूद रहीं। प्रमुख प्रवचनकर्ता बुरहानपुर के उत्तम साहेब थे। 30 मार्च को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भजन, संतों का प्रवचन एवं पूजा आरती हुई।

उत्तम साहेब और नियम साहेब ने अपने प्रवचन में कहा कि मानव जीवन बड़े ही भाग्य से मिलता है। इस जीवन को पृथ्वी पर धर्म-कर्म करने के लिए ईश्वर ने प्रदान किए हैं। पाप का मार्ग अपनाकर ईश्वर द्वारा दिए इस मानव जीवन को व्यर्थ न करो बल्कि पुण्य और सत्कर्मों के साथ जीवन व्यतीत करो। क्योंकि मानव जीवन बड़े ही भाग्य से मिलता है। सत्संग सुनने रोशन चंद्राकर सरपंच प्रतिनिधि, शिवकुमार साहू, रूद्रनाथ साहू, टेकराम साहू, नरेंद्र साहू, गणेश राम, मिलऊ, भागवत साहू, चंद्रहास, फत्तेलाल तारक, कमलेश साहू, कलीराम साहू, इंद्रुराम साहू, झगरूराम , भोज विश्वकर्मा, भूपेंद्र, रमऊ राम, रामप्यारी साहू, रूपचंद, चिंताराम, रोशन, भीखम, छबि, उमेंदी, तेजून साहू सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

# हरख ने अपने बूथ में भाजपा का झंडा लगाया



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

मैं हूं मोदी का परिवार के राष्ट्रीय बोध के साथ भखारा और कोसमर्रा में हर घर झंडा कार्यक्रम के तहत भाजपा नेता हरख जैन ने अपने घर एवं अपने बूथ में झंडा लगाकर आगामी लोकसभा चुनाव में विजय के संकल्प को दोहराया। इस दौरान आमजनों व कार्यकर्ताओं को भी अपने घरों में भाजपा का झंडा लगाने प्रेरित किया।

# मानस शक्ति केंद्र खैरा ने मनाया होली मिलन



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

मानस शक्ति केंद्र खैरा का होली मिलन ग्राम परसवानी (बानगर) में रखा गया था। शक्ति केंद्र की समस्त मानस मंडलियों की उपस्थिति में फाग गीत, होली गीत का कार्यक्रम रखा गया था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुनपुरी गोस्वामी रहे। अध्यक्षता लोकेश्वर सिन्हा ने की। विशिष्ट अतिथि योगेश्वर साहू उपाध्यक्ष, पुरानिकराम साहू संरक्षक, महेंद्र साहू उपाध्यक्ष, चंपालाल साहू सलाहकार राजमानस संघ, खूबलाल साहू संरक्षक राजमानस संघ थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राधा कृष्ण के छायाचित्र में पूजन वंदन के साथ हुआ। इसके बाद कलाकारों ने फागगीतों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर शेखर साहू, खिलेश्वर प्रसाद साहू, जितेंद्र साहू, चुरामन साहू, लुकेश साहू, लोमश साहू, बसंती बाई साहू, चैतराम साहू, वेदूराम साहू, प्रेमू यादव, मनोज साहू, श्रीकांत मिश्रा उपस्थित थे।

# अब तेज गति से होंगे विकास कार्य : विष्णुदेव साय

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कृषि उपज मंडी नगरी में आयोजित जनसभा और ग्राम पंचायत डोंगरडुला में साहू समाज के महाअधिवेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि अब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने से क्षेत्र में विकास के कार्य तेज गति से होंगे। उन्होंने कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोपों की बौछार कर दी। मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश अध्यक्ष किरणसिंह देव, वनमंत्री केदार कश्यप, सांसद मोहन मंडावी, भोजराज नाग, पिंकी शाह, श्रवण मरकाम, प्रकाश बैस सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



# नवोदय में मंदरौद स्कूल के पांच छात्रों का चयन







हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय के लिए चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। इसमें सशिमं मंदिर मंदरौद के पांच छात्र-छात्राओं ओजस्वी साहू पिता तोरण लाल साहू, वर्षा साहू पिता खेमराज साहू, वेदिका साहू, आयुष पिता गणेश निर्मलकर, जयप्रकाश साहू पिता उत्तम साहू का चयन हुआ। इस उपलब्धि पर समिति अध्यक्ष टेकराम, सचिव रामदयाल, कोषाध्यक्ष चुरामण साहू, युवराज सिंह कंवर, मोतीलाल, रूपचंद साहू, भारत साहू, नीलमणि, देवा साहू, जनपद सदस्य थानूराम साहू, सरपंच खूबलाल दीवान ने हर्ष व्यक्त किया है। यह जानकारी प्रधानाचार्य टीकाराम साहू ने दी है।

# विजय संकल्प दिवस पर बीजेपी ने घर-घर जाकर लगाया झंडा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

विजय संकल्प दिवस के अवसर पर भाजपाइयों ने महंत घासीदास वार्ड के बूथ क्रमांक 128 में घर-घर जाकर झंडा लगाया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम प्रभारी अर्चना चौबे, सहप्रभारी दिलीप पटेल, शरद चौबे, बूथ अध्यक्ष प्रहलाद पटेल, संकेत बरडिया, विजय शर्मा, आजाद सोना, गजानंद मीनपाल, छोटू ढीमर, जयप्रकाश शर्मा, सुनील शर्मा, महेश सोना, दुर्गा साहू, गोलू शर्मा समेत अनेक वार्डवासी उपस्थित थे।



## प्रियंका कॉलोनी में श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

# आज श्रोता सुनेंगे श्रीकृष्ण बाल लीला की कथा

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

श्रीमद् भागवत कथा महापुराण यज्ञ का आयोजन प्रियंका कॉलोनी कुरूद में स्व. रुक्मणि रमन चन्द्राकर की स्मृति किया जा रहा है। पंडित दिनेश शर्मा पायला वाले परिजनों एवं कॉलोनीवासियों को कथा सुना रहे हैं।

श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा के प्रथम दिवस बुधवार को वेदी पूजा, गौकर्ण कथा के साथ संगीतमय भागवत कथा प्रारंभ हुई। दूसरे दिन गुरुवार को कथा प्रारंभ, परीक्षित जन्म, कर्दम देहुति विवाह, तीसरे दिन शुक्रवार को सति चरित्र, जड़ भरत आख्यान, चौथे दिन शनिवार को समुद्र मंथन, वामन अवतार, हिरणकश्यप वध का वृतांत सुनाया। रविवार को श्रीराम जन्म, सम्पूर्ण रामायण के संगीतमय भजनों के साथ कथा शुरू हुई। सोमवार को नंदोत्सव, प्रभु श्रीकृष्ण की बाल लीला और दही लूट होगा। संगीतमय भजन कीर्तन होगा। झांकी के साथ श्रोता मंत्रमुग्ध होंगे। अंत में रूक्मणि-कृष्ण विवाह की कथा होगी।



श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ कथा में श्रीमती दुलारी बाई चन्द्राकर श्रीमती कामिनी बाई चन्द्राकर, ऋषभ देव चन्द्राकर, मुस्कान चन्द्राकर, सूर्यभान प्रताप सिंह, भूपेन्द्र, मनोज नागेन्द्र, आकाश, प्रवाल, दिव्य, रूपेन्द्र, डुमन, मोहन, लिंगराम, अलख, नामदेव, जसप्रकाश, ओंकार, दिलीप एवं शांडिल्य परिवार जुटा हुआ है।

# प्याऊ केंद्र में राहगीर बुझा रहे अपनी प्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

बढ़ती गर्मी को देखते हुए ग्राम पंचायत कुर्रा में प्याऊ केंद्र खोला गया है। राहगीर प्याऊ केंद्र में पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

शुभारंभ अवसर पर सरपंच खंभन लाल साहू, सचिन, तामेश्वर सेन, जीवधन साहू, अघनू देवांगन, शत्रुघन पटेल, पंच द्वय खिलेश्वर, जनक राम समेत अन्य मौजूद थे।

## किले के श्रीराम मंदिर में मनाई गई रंगपंचमी

# ब्राम्हण समाज ने खेली फूलों व रंगों की होली





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

किले के श्रीराम मंदिर में तहसील ब्राम्हण समाज, युवा मंच, महिला मंच द्वारा रंगपंचमी पर फूलों एवं रंगों की होली खेली गई। विद्वत परिषद के पंडितों ने भगवान परशुराम की पूजा- अर्चना के पश्चात रंग-गुलाल व फूलों से एक-दूसरे का स्वागत किया। कार्यक्रम में समाज के डॉ. अनंत दीक्षित, भूपेन्द्र मिश्रा, विद्याशंकर दीवान, विनोद पांडे, महेश शास्त्री, होमन शास्त्री, गिरीश चौबे, शशि शर्मा, प्रदीप शर्मा, शुभांक मिश्रा, दीपक पांडे, आशुतोष शर्मा, राजकुमारी तिवारी, ओमप्रकाश शर्मा, अयोध्या प्रमोद मिश्रा, भूषण तिवारी, हरीश चौबे, प्रदीप दुबे, नारायण दुबे, विशाल त्रिवेदी, अनिल दीवान, नरेश दीवान, अभिषेक शर्मा, आशीष शर्मा, दीनानाथ पांडे, कामता शर्मा, राजेन्द्र शुक्ला, शत्रुघन पांडे, युवा मंच के विक्रांत शर्मा, सुहासिनी शर्मा, हिना मिश्रा, सिया चौबे, साक्षी शर्मा, गीता पांडे, नीलम शुक्ला, सरिता तिवारी, कविता मिश्रा, वंदना दीवान, गायत्री मिश्रा, एकता शर्मा, ज्योति शर्मा, दीपिका शर्मा, सविता पांडे, रेखा तिवारी थे। तहसील अध्यक्ष सूरज तिवारी ने सामाजिक भवन को जल्द बनाने पर जोर दिया। साथ ही सामाजिक एकता के साथ कार्य करने की बात कही। आशा श्रोती, प्रभा मिश्रा ने कहा कि हर कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी जरूरी है। कार्यक्रम का संचालन दीप शर्मा और युवा मंच के पीयूष पांडे ने किया। आभार प्रदर्शन महिला मंच की उपाध्यक्ष बरखा शर्मा, मीनाक्षी मिश्रा ने किया। युवा मंच के विक्रांत शर्मा ने सामाजिक एकता पर जोर दिया।

## पीएम मोदी के नेतृत्व में विश्व में बज रहा भारत का डंका : प्रीतेश

**धमतरी।** विजय बूथ संकल्प अभियान के तहत प्रीतेश गांधी प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य भाजपा ने सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड धमतरी के बूथ क्रमांक 108 में बूथ पालक के दायित्व का निर्वहन करते हुए बूथवासियों के साथ बैठक कर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशों से अवगत कराया। बैठक पश्चात बूथवासियों के साथ अबकी बार 400 पार के जयघोष के साथ बूथ के सभी घरों में भाजपा ध्वज लगाया गया। इस अवसर पर महावीर सिन्हा बूथ अध्यक्ष, गंगा प्रसाद सिन्हा, पूर्णिमा गोस्वामी, ऋतु यादव, शारदा यादव, समारी यादव, सुनीता यादव, मीना साहू, नेमीन साहू,जोहन ध्रुव, कृष्णा साहू सहित अनेक बूथवासी उपस्थित थे। इस अवसर पर प्रीतेश गांधी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका केवल भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में बज रहा है।

# सत्ता में आने पर कांग्रेस देगी हर महिला को सालाना 1 लाख रुपये

- युवा कांग्रेस ने इतवारी बाजार में नारी न्याय गारंटी के पर्चे बांटे



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

युवा कांग्रेस ने पूर्व युवा कांग्रेस लोकसभा अध्यक्ष आनंद पवार के मार्गदर्शन व विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर एवं ब्लॉक अध्यक्ष तोगु गुरूपंच के नेतृत्व में इतवारी बाजार में जनसंपर्क कर महासमुंद लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू के पक्ष में प्रचार किया। सभी कांग्रेसजनों ने धमतरी के सबसे पुराने साप्ताहिक बाजार पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के पर्चे बांटे और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

युवा नेता आनंद पवार ने बताया कि कांग्रेस ने इस बार 'नारी न्याय' गारंटी के तहत 5 घोषणाएं की हैं, जिसमें महालक्ष्मी गारंटी, आधी आबादी- पूरा हक, शक्ति का सम्मान, अधिकार मैत्री, सावित्री बाई फुले छात्रावास शामिल हैं। कांग्रेस की इन गारंटी के तहत गरीब परिवार की हर एक महिला को सालाना 1 लाख रुपये की मदद दी जाएगी।

युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने कहा कि कांग्रेस ने युवा, किसान,नारी, श्रमिक और भागीदारी ऐसे पांच न्याय की बात की है, जिसका उद्देश्य देशवासियों को उनका हक दिलवाना है। युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष तोगु गुरूपंच ने बताया कि बीते दस वर्षों में भाजपा सरकार ने लोकतंत्र को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है । वे केवल नफरत की राजनीति कर देशवासियों को आपस में लड़वाने का काम कर रही है।

इस दौरान जिला कांग्रेस सचिव विक्रांत पवार, कांग्रेस आईटी सेल लोकसभा अध्यक्ष तुषार जैस, देवेंद्र देवांगन, विक्रम साहू, अनूप नेताम, आर्यन चन्देल, विष्णु सिन्हा, लोचन नेताम, सतीश देवांगन, रोहित सोनी, हिमांशु नाग, अर्जुन ग्वाल, बंटी सोनी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# पूर्व सैनिकों ने निभाया शहीद के भाई का फर्ज



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आज से चार साल पहले चाइना बॉर्डर की गलवान घाटी में चीनी सैनिकों के साथ आमने सामने की लड़ाई में गिधाली चारामा का जवान गणेश कुंजाम शहीद हो गया था। गणेश की बहन की शादी में शामिल होकर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के सदस्यों ने भाई का फर्ज निभाया और एक भाई की कमी को पूरा किया। शहीद की बहन की शादी में धमतरी सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से 50 से अधिक सैनिक पूर्व सैनिक पहुंचे थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के जिला अध्यक्ष केपी साहू, संरक्षक मुरारी लाल साहू, सचिव अशोक कुमार वर्मा, संयोजक आरके साहू, मार्गदर्शक टिकेश कुमार साहू, अजय नामदेव, मीरा साहू सहित कई पूर्व सैनिक शामिल हुए।

## जगजीवन बने गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के प्रधान

**धमतरी।** धमतरी सिक्ख समाज ने गुरुद्वारा प्रबंधन के लिए प्रबंधक कमेटी के प्रधान (अध्यक्ष) के रूप में जगजीवन सिंघ सिद्धू को आगामी 2 साल के लिए सेवा सौंपी है। गुरुद्वारा लंगर हॉल में समाज की जनरल मीटिंग में इसकी घोषणा की गई । श्री सिद्धू अपनी कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र ही करेंगे।उनकी नियुक्ति पर निवृतमान अध्यक्ष स.जितेंद्र सिंघ खालसा एवं सिक्ख समाज ने हर्ष जताया है।

## मेनोनाईट स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**धमतरी।** मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी में छात्रों का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। सभी छात्र अपने अभिभावकों के साथ अपना परीक्षा परिणाम जानने के लिए स्कूल आए। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के चेयरमैन एमके मसीह ने मीटिंग का प्रारंभ प्रार्थना से किया।

# रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एकीकृत महिला एवं बाल विकास परियोजना धमतरी (ग्रामीण) सेक्टर धमतरी की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के निर्देश एवं पर्यवेक्षक श्रीमती उषा किरण चन्द्राकर के मार्गदर्शन में महिला एवं पुरूषों ने ग्राम मुजगहन में मंदिरपारा, गांधी चौक से होते हुए पीपरपारा तक मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं से निष्पक्ष मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक श्रीमती उषाकिरण चन्द्राकर ने कहा कि मतदान महत्वपूर्ण है। यह सरकार चुनने का एक तरीका है मतदान मौलिक अधिकार होने के साथ लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी महत्वपूर्ण है। नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर के पास महिलाओं को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंजू गंगबेर, कविता ध्रुव, दिनेश्वरी मंडावी, मालती सेन, पूजा साहू, चंचल सेन, सुनीति साहू, मनीषा गोस्वामी, श्रीमती गोदावरी, श्रीमती कुसुमलता, श्रीमती मोनिका, सुंदरलाल, दल्लूराम, उदयराम नागरची, रामबिशाल समेत अन्य उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### धोबी समाज ने मनाया होली मिलन समारोह

**धमतरी।** कोष्टापारा वार्ड में झिरिया धोबी समाज द्वारा सामाजिक सौहार्द्र और प्रेम का प्रतीक रंगोत्सव के अवसर पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेश पांडे पार्षद ब्राम्हणपारा थे। अध्यक्षता पार्षद राही नारायण यादव कोष्टापारा ने की। विशेष अतिथि प्रहलाद रजक अध्यक्ष थे। अतिथियों ने भगवान कृष्ण की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि पार्षद राजेश पाण्डेय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि होली सिर्फ त्योहार ही नहीं है अपितु पाप पर पुण्य की विजय और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर गैंदलाल छाटा, दिनेश छाटा, यशवंत छाटा, शिव छाटा, दिलीप निर्मलकर, होमशंकर छाटा, शांतिलाल छाटा, विष्णु निर्मलकर, ध्रुव निर्मलकर, मंगल निर्मलकर, शांतिलाल निर्मलकर, सरस्वती, अनसुइया निर्मलकर, पुनिया निर्मलकर, श्यामा निर्मलकर, लता निमलकर, माहेश्वरी रजक, सोना बाई, चंदू निर्मलकर, शगुन निर्मलकर सहित समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### होली त्योहार भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर : ओंकार

**धमतरी।** ग्राम लिमतरा में आयोजित फाग सम्मेलन के समापन कार्यक्रम में विधायक ओंकार साहू और जनपद सदस्य ब्रजेश जगताप ने शिरकत की। अन्य अतिथि कार्तिक राम, घनश्याम सिंह साहू, ओमप्रकाश, डोमनलाल, चंद्रहास, खिलेश साहू, कोमलराम, सरपंच फगेशवरी साहू, मीना साहू, घनश्याम साहू थे। समिति के सदस्य पंचू राम, रविशंकर, राजेश, नेकराम, रामकुमार, महेंद्र साहू, टेकराम, पंकज साहू, प्रदीप, पेमेश, सोनू साहू ने स्मृति चिन्ह देकर तथा होली त्योहार का आकर्षक टोपी पहनाकर अतिथियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि होली त्योहार भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर है। इसे संरक्षित रखने की जिम्मेदारी नवयुवकों की है। मौके पर परसराम, अजय, चेमनलाल, प्रेमलाल, उत्तरा साहू, अश्वनी, भावेंद्र अग्रवाल, विरेंद्र ध्रुवंशी, जीवराखन, हेमलाल समेत अन्य ग्रामवासी मौजूद थे।

### कहार भोई समाज ने आयोजित किया होली मिलन समारोह

**कुरूद।** छत्तीसगढ़ कहार भोई समाज कुरूद राज का होली मिलन कार्यक्रम रंगपंचमी के अवसर पर वार्ड नंबर सात वृंदावन सरोवर स्थित भगवान नर्मदेश्वर मंदिर के पास रखा गया। इस अवसर पर कुरूद राज के सभी सामाजिक बंधु आपस में मिलकर स्नेह, समरसता, समन्वय ,सहयोग और भाईचारे का रंग लगाकर सामाजिक गतिविधियों को मजबूत बनाते हुए संगठन की शक्ति पर बल दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत नेता प्रतिपक्ष भानु चंद्राकर थे। समाज की ओर उनको मुकुट पहनाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कहार भोई समाज कुरूद अन्य समाज की तरह हमेशा से ही सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में मिलजुलकर कार्य करते हुए सभी को समरसता का संदेश दे रहा है।

### मां कर्मा सदन में बैठक कर पदाधिकारियों को सौंपा गया दायित्व

# साहू समाज 1 मई से 15 जून तक लगाएगा करियर मार्गदर्शन शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर के लिए जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, सचिव लीलाराम साहू एवं अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दयाराम साहू की उपस्थिति में बांसपारा स्थित जिला साहू संघ के मां कर्मा सदन में बैठक हुई जिसमें सदस्यों की सर्वसम्मति से विभिन्न योजनाएं बनाई गईं।

वक्ताओं ने निःशुल्क शैक्षिक एवं करियर मार्गदर्शन शिविर प्रत्येक तहसील एवं परिक्षेत्र स्तर तथा ग्रीष्मकालीन समर कैंप प्रत्येक गांव में आयोजित करने का निर्णय लिया। यह कार्यक्रम 1 मई से 15 जून तक आयोजित होगा। शैक्षिक शिविर के साथ नैतिक शिक्षा, नशा मुक्ति अभियान, पीएटी, पीएमटी, नर्सिंग, पुलिस, अग्निवीर भर्ती के लिए तैयारी मार्गदर्शन दिया जाएगा। कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए टीम बनाकर दायित्व सौंपा गया। धमतरी तहसील स्तर पर धमतरी शहर के लिए किशनलाल साहू, रोहित साहू, लीलाराम साहू, रामकुमार साहू, हरीश साहू को दायित्व दिया गया। धमतरी ग्रामीण के लिए कृष्णा साहू, गोपाल साहू, टीकाराम साहू, राजेश प्रसाद साहू, नंदकिशोर, गजानंद, वरुण, नीलकंठ बनपेला को दायित्व दिया गया। कुरूद के लिए महेंद्र साहू, मनोज साहू, महासचिव रविंद्र साहू, लिखनलाल साहू, वेदप्रकाश ,शेखर , भुवनेश्वर, भगवान सिंह साहू को दायित्व दिया गया। मगरलोड तहसील के लिए खिलेश्वर सोनकर, चंद्रशेखर, ओमप्रकाश, रामप्रसाद, तामेश्वर, हेमलाल, शिवशंकर, हरिशंकर, कुंजलाल, चंद्रहास को दायित्व दिया गया। भखारा तहसील के लिए दयालुराम साहू, गिरधारी साहू, कामता साहू, भोलाराम साहू, रामदयाल साहू को दायित्व दिया गया। नगरी तहसील के लिए पुनीतराम साहू, सुभाष चंद्र साहू, वरुण किरण साहू, पदुमलाल साहू को दायित्व दिया गया। इस अवसर पर संजय साहू, नीलकंठ बनपेला, भुनेश्वर साहू, मेवाराम साहू, नंदकुमार साहू, देवेंद्र साहू, खिलेश्वर साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद थे।

# पहली से आठवीं की परीक्षा आज से 30 अप्रैल को परिणामों की घोषणा

## सीबीएसई पैटर्न के स्कूल : नए शिक्षा सत्र के लिए 1 अप्रैल से खुलेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित धमतरी जिले के सभी सरकारी और प्राईवेट स्कूलों में कक्षा पहली से आठवीं तक की परीक्षाएं सोमवार 1 अप्रैल से शुरू हो रही है। परीक्षा पूर्ण होने तथा उत्तरपुस्तिकाओं की जांच के बाद 30 अप्रैल को रिजल्ट जारी किया जाएगा। इसी बीच सीबीएससी माध्यम के स्कूल नए शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए एक अप्रैल से प्रारंभ होंगे।

### सुबह स्कूल लगाने की मांग

वहीं अंचल में इन दिनों भारी गर्मी पड़ रही है। बच्चों की सेहत को ध्यान में रखकर स्कूलों को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक लगाए जाने की मांग पालकों द्वारा की जा रही है। शहर में संचालित सीबीएससी पैटर्न के स्कूल 1 अप्रैल से शुरू हो जाएंगे। यहां पढ़ने वाले बच्चों को चिलचिलाती धूप और गर्मी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि शासन ने पिछले वर्ष गर्मी को ध्यान में रखकर सुबह पाली में स्कूल लगाने के निर्देश दिए गए थे। चुनाव आचार संहिता के कारण इस बार अलग से कोई आदेश जारी होने की संभावना नहीं है। शिक्षा विभाग कह रहा है कि पिछले वर्ष का आर्डर स्टेडिंग हैं। पुराने आर्डर को ही फॉलो कर इस बार गर्मी के चलते सुबह पाली में स्कूल लगाने की तैयारी है। इधर कॉलेजों में भी परीक्षाएं चल रही हैं।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा संचालित स्कूलों में कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक की परीक्षाएं संपन्न हो चुकी हैं। कक्षा पहली से आठवीं तक की परीक्षाएं नहीं हो पाई हैं। 1 अप्रैल से सुबह 9 बजे से 11.30 बजे तक परीक्षाएं चलेंगी। इसके लिए स्कूलों में तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। सभी स्कूलों को निर्देशित किया गया है कि वे अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में परीक्षा शुरू कर पर पखवाड़े भर में पूर्ण करें। 30 अप्रैल को रिजल्ट जारी करें। नया सत्र 16 जून से शुरू हो जाएगा। इस बीच रिजल्ट के बाद स्कूलों में डेढ़ माह की छुट्टी रहेगी।

# मृत्यु भोज में कलेवा प्रथा बंद करने की मांग



■ होली मिलन समारोह में यादव समाज प्रमुखों ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कोसरिया यादव समाज नगर इकाई धमतरी द्वारा रामेश्वर यादव की अध्यक्षता में होली मिलन मनाया गया। होली मिलन में समाज प्रमुखों ने अपनी-अपनी राय रखी। नगर इकाई उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव ने सगाई प्रथा बंद करने एवं मृत्यु भोज में कलेवा प्रथा बंद करने का सुझाव दिया। एनआर यादव ने समाज हित में सुझाव दिया। कार्यक्रम में बंशीलाल यादव, हंसू राम यादव, काशीराम यादव, नरेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, राजेंद्र यादव, काशीराम यादव, महेश यादव, कुंदन यादव, गोपाल यादव, कमल यादव, रामनाथ यादव, गंगू यादव, सुरेखा यादव, श्रीमती शांति यादव, श्रीमती लीली यादव, सुनीता यादव समेत अन्य समाजजन मौजूद थे।

### भाजपा की विचारधारा को आत्मसात करने के लिए किया प्रेरित

# कन्हैया लाल ने कार्यकर्ताओं संग भाजपा का झंडा लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता कन्हैया लाल साहू ने रविवार को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत धमतरी विधानसभा के पोस्टआफिस वार्ड, अंबेडकर वार्ड, नयापारा वार्ड में घर-घर जाकर भाजपा का झंडा लगाया। इस अवसर पर उन्होंने जनता से आग्रह करते हुए कहा कि मां लक्ष्मी के प्रतीक कमल फूल को अपने घरों में लगाकर भाजपा की विचारधारा को आत्मसात करें। राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित नरेन्द्र मोदी का हाथ मजबूत करते हुए पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को विजयी बनाए। इस अवसर पर पार्षद राजेन्द्र शर्मा, दयाशंकर सोनी, मुकेश शर्मा, कुलेश सोनी, टेकराम देवांगन, मुन्ना निषाद, गोलू नेताम, किरण देवी कौशिक, उमा देवी, इंदिरा निर्मलकर, शुभांक मिश्रा, रामेश्वर पुरी गोस्वामी उपस्थित थे।

### बांसपानी स्कूल में आठवीं के छात्रों को दी विदाई

**नगरी।** माध्यमिक शाला बांसपानी की प्रधानपाठिका श्रीमती लक्ष्मी सार्वा के मार्गदर्शन में छठवीं सातवीं के बच्चों द्वारा आठवीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। सातवीं के छात्र देवेंद्र कुमार ने मंच संचालन किया। सर्वप्रथम सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने सरस्वती माता का पूजा-अर्चना की। आठवीं के छात्र-छात्राओं ने अपने उद्बोधन में प्रधानपाठिका एवं सभी शिक्षकों का धन्यवाद देते हुए अच्छी शिक्षा देने की बात कही।

# एसपी ने कहा, व्यापारियों से नहीं हुआ दुर्व्यवहार



**धमतरी।** कुछ दिनों पूर्व छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा से कुछ व्यापारियों ने शिकायत की थी कि कुछ पुलिस अधिकारी समय से पूर्व दुकानें बंद करने आ जाते हैं तथा दबावपूर्वक बाते करते हैं। इस संबंध में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी एसपी आंजनेय वाष्र्णेय से मिले और मामले की जानकारी दी। एसपी ने कहा कि व्यापारियों से किसी प्रकार का दुर्व्यहार नहीं हुआ। व्यापारियों को हमेशा सम्मान की दृष्टि से ही देखा जाता है। प्रशासन व्यापारियों के दुख-सुख के साथ हैं। मौके पर छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के जिलाध्यक्ष महेश जसूजा, चेयरमैन अरविंद दोशी, उपाध्यक्ष सुरेश महावर, सलज अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, जिग्नेश ठक्कर, रवि मुंजवानी, राजू पंजवानी, नरेश वाधवानी, नीलू, सुरेश मूलवानी समेत अनेक व्यापारी मौजूद थे।

# ईसाई समुदाय ने मनाया ईस्टर संडे





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

ईसाई समुदाय ने रविवार को ईस्टर संडे मनाया। मुख्य वक्ता शांति रावटे रायपुर ने सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च में उपदेश दिया। उन्होंने बताया कि आज के दिन प्रातः जिनके प्रियजनों की मृत्यु हो गई है, उनको यादकर लोग कब्रस्तान जाते हैं तथा वहां उनकी कब्रों पर पर फूलमालायें, मोमबत्ती, अगरबत्ती जलाकर स्मरण करते हैं। ईस्टर की आराधना चर्च में प्रातः 9.30 बजे प्रारंभ हुई। प्रथम क्वायर टीम ने गीत गया। पुलपिट पर सेवक एससी ख्रिष्टी, सेवक अनिल राघवा, सेवक किरण जानसन, सेविका थेलमा मेहतो, सेविका शैलजा सोनवानी, पास्टर दीपक मसीह तथा सेविका नेताम मौजूद थे।

इस अवसर पर डॉ. नीरज नेताम, डॉ. एस पटौंदा, डॉ. मलागर, पादरी डायमंड फिलिस, नगर निगम सभापति अनुराग मसीह, पार्षद सरिता असाई, पादरी पीके सिंग, कल्याण मसीह, वालेस चरण, पूर्व पार्षद योगेश लाल, स्वप्निल सोनवानी, डॉ. विनेश विक्टर, सपना पाल, अमित नाथ, संगीता नाथ, राकेश सालोमन, राघवा, भावना वानी, आर पीटर, फितेश लाल, सुनील मसीह, नितेश बेथे, अमन मिर्जा, संजूलाल, प्रणय लाल, अभिषेक मिर्जा, मिकेश मसीह, मार्विल चरण, राबिन लाल, आकाशलाल, शनिलाल, प्रणय तिवारी, राजेश मसीह की उपस्थिति रही।

# कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत : रंजना



■ पूर्व विधायक ने रावनगुड़ा एवं धौराभाठा में ली बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आगामी 26 अप्रैल को महासमुंद लोकसभा क्षेत्र का चुनाव होगा। इसके मद्देनजर कारण भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने ग्राम रावनगुड़ा बूथ क्रमांक 34 एवं धौराभाठा बूथ क्रमांक 35 में बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक लिए। उन्होंने महासमुंद लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती रूपकुमारी चौधरी को विजयश्री दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। श्रीमती साहू ने कहा कि श्री मोदी ने एक सामान्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए आगे बढ़े हैं और प्रधानमंत्री बनकर सशक्त हस्ताक्षर बने। भारतीय जनता पार्टी की जीत का कारण सिर्फ देवतुल्य कार्यकर्ता है, जिनके योगदान से चुनाव लड़ते हैं। देवतुल्य कर्मठ कार्यकर्ता भाजपा की ताकत है।

श्रीमती साहू ने आगे कहा कि कार्यकर्ता प्रतिदिन 10-10 घर जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं एवं देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व एवं उनके द्वारा किए गए कार्यों को बताएं तो निश्चित ही भारतीय जनता पार्टी की जीत होगी। बैठक में बूथ अध्यक्ष कोमल साहू, गुलाबराम साहू, लोचन साहू, गोवर्धन साहू, बिहारी साहू, ओमप्रकाश साहू, दिनेश साहू, राजूराम साहू, कमलकांत साहू गोलू पटेल, किरण सिन्हा, बूथ अध्यक्ष छबिलाल साहू, दानीराम साहू, लोकेश साहू, संजय साहू, तारण साहू, अभयराम साहू, सियाराम साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# लोस चुनाव रणनीति बनाने एनएसयूआई ने ली बैठक

■ मोदी सरकार सत्ता में आई तो युवा वर्ग रोजगार के लिए तरस जाएगा : देवांगन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



देशभर में लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीति चरम पर है। हर पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को एकजुट कर दायित्व प्रदान कर रही है। कांकेर लोकसभा चुनाव को लेकर एनएसयूआई ने भी अपनी रणनीति निर्धारित करने के लिए विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के निर्देश पर सिहावा विधानसभा अध्यक्ष अंकुश देवांगन के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा के साथ नीति निर्धारण कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई और कांकेर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर के पक्ष में मतदान करवाने की अपील की गई।

एनएसयूआई जिलाध्यक्ष श्री देवांगन ने कहा कि यह लोकसभा चुनाव छात्रों और युवाओं के भविष्य के लिए काफी अहम है क्योंकि एक ओर अगर पिछले 10 साल से युवाओं और छात्रों को ठगने वाली मोदी सरकार सत्ता में आई तो युवा वर्ग रोजगार के लिए तरस जाएगा वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की सरकार बनने पर युवाओं के लिए बेहतर भविष्य के दरवाजे खुलेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय सोशल मीडिया सहसंयोजक ओमप्रकाश मानिकपुरी, प्रदेश सहसचिव गीतेश साव, जिला महासचिव तेज प्रताप साहू, विधानसभा अध्यक्ष अंकुश देवांगन, अरविन्द यादव, भेपेन्द्र कंवर, सूरज सिन्हा, भीषम निषाद, भावनेन्द्र यादव, फैज़ल खान, चैतन्य साहू सहित अनेक एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित थे।







